संक्षिप्त समाचार

बुजुर्ग दंपती की हत्या आरोपी फरार

आरंग(रायपुर)। आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम बिरबिरा में गुरुवार को एक मकान के भीतर बुजुर्ग पति-पत्नी की लाश मिली। अज्ञात आरोपियों ने दंपती की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। मृतकों की पहचान सदासी राम साहू (65) और उनकी पत्नी आस बाती (62) के रूप में की गई है। दोहरे हत्याकांड की खबर जंगल में आग की तरह फैलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरंग पुलिस की टीम दलबल के साथ बीरबीरा पहुंची। घटनास्थल के मुआयने के दौरान पुलिस अधिकारियों ने पाया कि मृतकों पर किसी नुकीले व धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पुरानी रंजिश, संपत्ति विवाद और लूटपाट समेत तमाम संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है।

मूर्तिकार टुकेश्वर के हाथों बन रहीं मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमाएं

स्वदेश समाचार ■ मांढर(रायपुर)

शक्ति उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार से हो रहा है। पर्व को लेकर पूरे मांढर क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल है। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा पंडालों के निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लाइट-डेकोरेशन और साउंड सिस्टम लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं दूसरी ओर मूर्तिकारों की आंखों में रात-दिन एक कर मां की प्रतिमा को संवारने की लगन दिख रही है।

अकोली के टुकेश्वर धीवर की कला को मिल रही है पहचान :- ग्राम अकोली (मांढर) निवासी मूर्तिकार टुकेश्वर धीवर की बनाई हुई मां दुर्गा की प्रतिमाएं क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अपने हाथों की जादूगरी से वह मिट्टी में

जान डाल रहे हैं। इस वर्ष उनके द्वारा तैयार की गई प्रतिमाएं मोहदी, गोढ़ी, नगरगांव, टेकारी, सांकरा, सिलतरा, टोर, पथरी, पवनी सहित करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के पंडालों में विराजेंगी।

मूर्तिकार टुकेश्वर धीवर ने बताया कि इस साल उन्होंने छोटी-बड़ी मिलाकर कुल 12 प्रतिमाएं तैयार की हैं। मूर्तियों की कीमत उसकी ऊंचाई और भव्यता के हिसाब से 4 हजार रुपये से लेकर 16 हजार रुपये तक रखी गई है, ताकि हर छोटी-बड़ी समिति अपनी श्रद्धा के अनुसार प्रतिमा ले जा सके।

10 सालों की साधना परिवार करता है सहयोग : टुकेश्वर ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से लगातार मूर्ति निर्माण का कार्य कर रहे हैं। यह उनका पुश्तैनी कार्य नहीं बल्कि भक्ति और मेहनत से सीखी हुई कला है। मूर्ति निर्माण के इस कार्य में उनके परिवार के सभी सदस्य हाथ बंटाते हैं कोई मिट्टी गूंथता है, कोई रंगाई करता है तो कोई श्रृंगार सजाता है। टुकेश्वर की कला पर उनके गांव के लोगों का कितना भरोसा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि खुद अकोली गांव में स्थापित होने वाले तीनों सार्वजनिक दुर्गोत्सव पंडालों में टुकेश्वर धीवर द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं ही विराजित की जाती हैं।

चंडी मंदिर में प्रज्वलित होंगी आस्था की मनोकामना ज्योत

रायपुर। ग्राम चण्डी में मां चंडी का सिद्ध पीठ मंदिर स्थापित है। क्वांर नवरात्र के पावन अवसर पर यहां भक्तों द्वारा आस्था के हजारों मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाती है। नवरात्र की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर को रंग रोगन एवं आकर्षण झालरों लाइटों से सजाया गया है। इस वर्ष क्वांर नवरात्र 11 से 20 अक्टूबर तक है। मां चंडी मंदिर परिसर में स्वयं शंभू भगवान शिव शंकर विराजमान है, साथ ही बावली में भगवान शंकर की विशाल प्रतिमा स्थापित है, जो लोगों को स्वतः ही आकर्षित करता है, नवरात्र के पावन अवसर पर मां चंडी का दर्शन करने के लिए दूर-दूर से भक्तगण पहुंचते हैं। प्रतिदिन सुबह शाम ढोल नगाड़ों के साथ माता की विशेष आरती की जाती है।

INDIAN NURSING COUNCIL
(STATUTORY BODY UNDER MINISTRY OF HEALTH 8z FAMILY WELFARE)
National Florence Nightingale Awards-2027

On behalf of Government of India, Indian Nursing Council is inviting nominations for. National Florence Nightingale Awards for Nurses -2027. For the award, Nursing Personnel working in the State, Central, Autonomous Institution, Private, Missionary and Voluntary Organization etc. are eligible to apply through the State Government, Central Government and Directors respectively as per Annexure I of the invitation letter placed on the website. The detailed guidelines along with application proforma arc placed on the website namely **www.indiannursingcouncilaorg and httns://mohfw.gov.in**

CBC-17111/11/0002/2627

कार्यालय नगर पालिका परिषद पण्डरिया, जिला कबीरधाम छ.ग.

क्र. 1136 / लो.नि.वि./ न.पा.प. /2026-27 पंडरिया दिनांक 08/10/2026

!! रूचि अभिव्यक्ति (EOI) द्वितीय सूचना !!

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निकाय अधिनस्थ बस स्टैण्ड जो कि जर्जर हो गया है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना/दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। जिसको ध्यान में रखते हुये जर्जर बस स्टैण्ड का स्वयं के व्यय में ध्वस्तीकरण / मलमा हटाने का कार्य किया जाना है। जिसके लिये इच्छुक ठेकेदार / फर्म / संस्था / व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 19.10.2026 दिन सोमवार समय सायं 5.00 बजे तक अमानत राशि 25000.00 (पच्चीस हजार रू.) का एफ.डी.आर के साथ स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय नगर पालिका परिषद पंडरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.) में प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिका परिषद पंडरिया के लोक निर्माण विभाग में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पंडरिया

पेज 3 का शेष

युवाओं के...

रोजगार और कौशल विकास पर जोर: मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल जरूरी है। उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को तैयार करने के लिए प्रदेश के 30 आईटीआई का उन्नयन किया जा रहा है। लाइवलीहुड कॉलेजों के माध्यम से भी कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके अनुसार, पिछले लगभग ढाई वर्षों में 700 से अधिक रोजगार मेलों के जरिए करीब 24 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में 95 से अधिक नियोक्ताओं की भागीदारी से लगभग पांच हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिले। श्री साय ने कहा कि सरकार का प्रयास युवाओं को प्रदेश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ उन्हें उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना भी है। नई औद्योगिक नीति में स्थानीय युवाओं के रोजगार और उद्यमिता को प्राथमिकता दी गई है। निवेश प्रस्तावों को वास्तविक परियोजनाओं और रोजगार में बदलने के लिए उनकी समीक्षा की जा रही है। सेमीकंडक्टर और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में निवेश से नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

2 नक्सली...

आरोप था कि दोनों प्रतिबंधित माओवादी संगठन की जनमिलिशिया से जुड़े थे और सुरक्षा बलों के जवानों को विस्फोट से निशाना बनाने की साजिश में शामिल थे।

आरोपियों के पास से विस्फोटक सामग्री बरामद: सुरक्षा बलों की तलाशी में आरोपियों के कब्जे से नौ डेटोनेटर, तार का बंडल, एक स्विच, प्लास्टिक रस्सी के तीन बंडल, छर्रों के दो पैकेट, करीब एक किलोग्राम लोहे के टुकड़े, दो पाइप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की और आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप साबित करने की पैरवी की. मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एनआईए दीपक के गुप्ता की अदालत ने सानू कोमरा और अर्जुन साहू को दोषी ठहराते हुए 10-10 साल के सश्रम कारावास और 2-2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

10 दिन से भूख हड़ताल कर रहे अनिल को मनाने पहुंचा प्रशासन, बेरंग लौटा

स्वदेश समाचार ■ गरियाबंद

जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में 10 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे दिव्यांग अनिल यादव को मनाने बुधवार शाम प्रशासन की टीम पहुंची। नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव के नेतृत्व में पहुंचे एसडीएम हितेश्वरी बागे, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नगर पालिका सीएमओ संध्या वर्मा, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ठाकुर और गरियाबंद रेंजर प्रांजलि मिश्रा ने उनकी मांगो को लेकर करीब दो घंटे तक बातचीत की।

अधिकारियों ने एक-एक मांग पर स्थिति स्पष्ट की और उपलब्ध नियमों के तहत समाधान का रास्ता भी बताया, लेकिन अनिल अपनी मांगों पर कायम रहा और लिखित आश्वासन के बिना भूख हड़ताल समाप्त करने को तैयार नहीं हुआ। आखिरकार प्रशासन की टीम बैरंग लौट गई।

अनिल की मांगों में पक्का आवास, वन विभाग में किए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान, मोटर ट्राइसाइकिल और आजीविका का स्थायी साधन शामिल है। इनमें मोटर ट्राइसाइकिल की मांग पर विभाग तत्काल पहल करने को तैयार हुआ, लेकिन जमीन और आवास के मामले में प्रशासन के सामने नियमों की बाध्यता है, जिसके चलते कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

आवास की मांग: नगर पालिका सीएमओ संध्या वर्मा के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास स्वयं की भूमि होना जरूरी है। अनिल के पास भूमि नहीं है।

नगरीय क्षेत्र में फिलहाल शासकीय जमीन का पट्टा देने अथवा भूमि आवंटित करने की कोई योजना भी नहीं है। ऐसे में प्रशासन न तो तत्काल जमीन देने का लिखित आश्वासन दे सकता है और न ही मौजूदा स्थिति में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर सकता है। मौके पर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि जिला मुख्यालय में पूरा प्रशासनिक अमला होने के बावजूद एक व्यक्ति 10 दिन से भूखा बैठा है, यह अच्छी बात नहीं है। प्रशासन को उसकी समस्याओं के जल्द निराकरण की दिशा में पहल करनी चाहिए।

***खमतराई स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर :** आरंग। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर 8 अक्टूबर को हाई स्कूल खमतराई में नेत्र परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हाई एवं मिडिल स्कूल के कुल 105 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाया गया। इन विद्यार्थियों के चश्मे की जांच की गई। शासन से चश्मा प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर, प्रभारी प्रधान पाठक हरीश दीवान, सीएल एक्सेवरी, बबीता लहरे, सीमा राठौर, तारकेश्वर डडसेना, पुनेश्वर साहू, हेमा बंजारे, सौरम साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

फिंगेश्वर। विशेष अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी देना तथा उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। राजिम के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विशाल महाराणा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया और मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

फॉर्म-ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में शिव-वाणी ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड) के लेनदार के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में शिव-वाणी ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड)
2.	कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि	05-12-1989
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/ पंजीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं.	L74899DL1989PLC038542
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत कार्यालय: टावर 1, 8वीं मंजिल, एनबीसीसी प्लाजा, सेक्टर 5, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली-110017 प्रधान कार्यालय: उपरोक्त के समान
6.	कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि	07.10.2026 (माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली द्वारा सीपी (आईबी) संख्या 253/(पीबी)/2025 में पारित आदेश)
7.	दिवाला समाधान प्रक्रिया समाप्त होने की अनुमानित तारीख	05.04.2027 (दिवाला प्रारंभ होने की तारीख से 180 दिन)
8.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	रिसर्जेंट रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी (दिवाला पेशेवर संस्था), अपने प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा श्री सुधीर चंडी रजि. संख्या: IBBI/IPE-0084/IPA-3/2022-23/50018
9.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल पता जो बोर्ड के पास पंजीकृत हो	पता: 905, 9वीं मंजिल, टावर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, निर्वाणा कंट्री, सेक्टर-50, गुरुग्राम - 122018, हरियाणा ई-मेल: rrpl@resurgentrp.com
10.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल	पता: 905, 9वीं मंजिल, टावर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, निर्वाणा कंट्री, सेक्टर-50, गुरुग्राम - 122018, हरियाणा ई-मेल: cirp.svogl@resurgentrpl.com
11.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	21.10.2026
12.	धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो	लागू नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है	वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads भौतिक पता: 905, 9वीं मंजिल, टावर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, निर्वाणा कंट्री, सेक्टर-50, गुरुग्राम - 122018, हरियाणा (ख) लागू नहीं

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, प्रधान बेंच, नई दिल्ली ने CP (IB) No. 253/(PB)/2025. मे पारित आदेश के तहत दिनांक 07.10.2026 को **एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड के लेनदारों को इसके द्वारा आव्हान किया जाता है कि प्रविष्टि नं. 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को 21.10.2026 तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

सुधीर चंडी
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
रिसर्जेंट रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी
अंतरिम समाधान पेशेवर
एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड
कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के अधीन
आईबीबीआई रजि. सं. IBBI/IPE-0084/IPA-3/2022-23/50018
पंजीकृत पता: 905, 9वीं मंजिल, टॉवर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा 122018
ईमेल आईडी: cirp.svogl@resurgentrpl.com, iprvsudhirchandi@gmail.com

दिनांक: 09/10/2026
स्थान: दिल्ली एनसीआर

SRUSTI
Green Grow Nutrients Private Limited.
Near Prakash Agencies, Second Left From Union Bank, Bhilai Road, Tatibend Raipur, CG-492099
CIN No: U24290KA2016PTC094062

Green Grow Nutrients Pvt Ltd, here manufacturing and introducing to the Famers ,100% water soluble mixture of fertilizer grades as per the specifications given: **(1) NPK 19-19-19,** Total Nitrogen- 19.0%, Total Phosphate as P2O5-19.0%, Total Potash as K2O-19.0%. **(2) NPK 20-20-20,** Total Nitrogen- 20.0%, Total Phosphate as P2O5-20.0%, Total Potash as K2O-20.0%. **(3) NPK 28-28-0,** Total Nitrogen- 28.0%, Total Phosphate as P2O5-28.0%, Total Potash as K2O-0.0%. **(4) NPK 13-40-13,** Total Nitrogen- 13.0%, Total Phosphate as P2O5-40.0%, Total Potash as K2O-13.0%. **(5) NPK 16-8-24,** Total Nitrogen-16.0%, Total Phosphate as P2O5-8.0%, Total Potash as K2O-24.0%. **(6) NPK 19-11-11-3MgO,** Total Nitrogen- 19.0%, Total Phosphate as P2O5-11.0%, Total Potash as K2O-11.0%, Magnesium as MgO 3.0%. **(7) NPKS 15-8-35-4.5** Total Nitrogen- 15.0%, Total Phosphate as P2O5-8.0%, Total Potash as K2O-35.0%, Sulphur as S-4.5%. **(8) NPK 6-54-17,** Total Nitrogen- 6.0%, Total Phosphate as P2O5-54.0%, Total Potash as K2O-17.0%. **(9) NPK 00-37-37,** Total Nitrogen- 0.0%, Total Phosphate as P2O5-37.0%, Total Potash as K2O-37.0%. **(10) NPK 15-15-30,** Total Nitrogen- 15.0%, Total Phosphate as P2O5-15.0%, Total Potash as K2O-30.0%. **(11) NPKSMg 12-5-27-11-2,** Total Nitrogen- 12.0%, Total Phosphate as P2O5-5.0%, Total Potash as K2O-27.0%, Sulphur as S-11.0%, Magnesium as Mg-2.0% **(12) NPKSMg 14-13-9-14-3,** Total Nitrogen-14.0%, Total Phosphate as P2Os-13.0%, Total Potash as K2O-9.0%,Total Sulphur as S-14.0%, Magnesium as Mg-3.0% **(13) NPKS 11-44-11-3,** Total Nitrogen-11.0%, Total Phosphate as P2O5-44%, Total Potash as K2O-11.0%, Sulphur as S-3.0% **(14) NPKSMg 14-48-00-2.5-2,** Total Nitrogen-14.0%, Total Phosphate as P2O5-48.0%, Total Potash as K2O-0.0%, Sulphur as S-2.5%, Magnesium as Mg-2.0% **(15) NPKZnB 12-00-42-1-0.3,** Total Nitrogen-12.0%, Total Phosphate as P2Os-0.0%, Total Potash as K2O-42.0%, Zinc as Zn-1.0%, Boron as B-0.3%.

In above all 15 grades, (a) Moisture per cent by weight max - 0.5% (b) Total Chloride per cent by weight, max - 1.5% (c) Sodium as NaCl, per cent by weight, max - 0.5% (d) Matter insoluble in water % by wt.,max,-0.5% (e) Lead (as Pb)% by weight, max ,- 0.003% (f) Cadmium (as Cd)% by weight, max,- 0.0025%, (g) Arsenic (as As)% by weight, max,- 0.01%. In Pursuance to the order No. 2900(E) dated 24th October 2015, issued by Department of Agriculture and cooperation, Ministry of Agriculture, Govt. of India.

Email ID: gnpl@greengrownutrients.com Tel: +9686195503
Web: www.greengrownutrients.com

कार्यालय कलेक्टर, जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं पदेन उप-सचिव, छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: अधिसूचना ::-

धारा-19, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और
पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013

क्र.4238/वाचक/भू-अर्जन/2026 रायपुर दिनांक 28/02/2026

प्र.क्र. 202609111000288/अ-82, वर्ष-2025-26 चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत् यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :-

-::अनुसूची::-

(1) भूमि का वर्णन -.
(क) जिला - रायपुर
(ख) तहसील - रायपुर
(ग) ग्राम/नगर - रायपुरखास, प.ह.नं.-62
(घ) भूमि का क्षेत्रफल - 23.42 वर्गमीटर

खसरा नम्बर	रकबा (वर्गमीटर में)
341/39	10.00
341/40	13.42
योग-	23.42

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण आमापारा से गुढ़ियारी मार्ग निर्माण हेतु।

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, रायपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(डॉ गौरव कुमार सिंह)
कलेक्टर, रायपुर एवं पदेन उप सचिव,
जी- 262703873/2 छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

नाम परिवर्तन

मैं राम बिलास सिंह, पैकरा (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/पत्नी घासी राम पैकरा निवासी बगदरी एतद्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

1. मैं बगदरी का स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्र/पुत्री राम बिलाश सिंह से बदलकर राम बिलाल सिंह पैकरा करवाना चाहता/चाहती हूँ।
3. मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।
4. मेरी पत्नी/पति राम बिलाल सिंह पैकरा (पत्नी/पति का नाम) को हमारे / हमारी नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा / रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।

शपथकर्ता

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पप्पू राम (PAPPU RAM) पिता गोन्चू (GONCHU) निवासी ग्राम धरमपुरा नं. 1, धुरवापारा, अटल बिहारी बाजपेई वार्ड क्र. 38, जगदलपुर, जिला बस्तर, छग पिन 494001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्यागकर नया नाम पप्पू राम नाग (PAPPU RAM NAG) पिता स्व. गोन्चू (LATE GONCHU) रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पप्पू राम नाग (PAPPU RAM NAG) पिता स्व. गोन्चू (LATE CONCHU) से ही जाना, पहचाना जावे।

पप्पू राम नाग
ग्राम धरमपुरा नं. 1
जगदलपुर जिला
बस्तर पिन 494001

कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्र. 3643/व.ले.लि./2026 कोरबा, दिनांक 08.10.26

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के पृ.क्र. 4264198 / निविदा प्रकोष्ठ / 2026/5101 (टी.सी.) / नवा रायपुर दिनांक 02.07.2026 के परिपालन में निविदा **सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 18.05.2026 (ग्रुप क्र. 02) सिस्टम निविदा क्र. 191065** (प्रथम आमंत्रण) कुरहूनाला में स्टाप डेम का निर्माण कार्य राशि 71.60 लाख निविदा के प्रथम आमंत्रण में न्यूनतम ठेकेदार (L1) ने अनुबंध करने से मना करने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन
संभाग, कोरबा
जी-262703882/9 जिला-कोरबा (छ.ग.)

pnb Housing

परिशिष्ट -IV-A- अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

Web: www.pnbhousing.com

शाखा का पता: तीसरी मंजिल, ... रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़

... www.pnbhousing.com ...

वेबसाइट - www.bankeauctions.com ... auction@pnbhousing.com ... www.pnbhousing.com ...

स्थान:- रायपुर, दिनांक:- 09.10.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
Phone No./Fax - 0771-2774809 Email-cmoabhanpur@gmail.com

क्रमांक /1243 / न.पा.प./ लो.नि.वि. / 2026 अभनपुर, दिनांक 07/10/2026

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय) ::-

नगर पालिका परिषद् अभनपुर द्वारा अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि एवं एल्डरमेन निधि अंतर्गत निम्न कार्यों के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

Bid Start Date- 08/10/2026 17.00 PM Bid Due Date- 26/10/2026 17.30 PM
Physical Doc Sumbmission End Date - 29/10/2026 17.30 PM Bid Open Date- 30/10/2026 13.00 PM

क्र.	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	जी.एस.टी. रहित लागत राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू. में)	निविदा शुल्क शुल्क (रू. में)	एस.ओ. आर.	प्रपत्र	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	201185	अध्यक्ष निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, एल.ई.डी साईन बोर्ड, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी स्थापना/मुक्तिधाम का उन्नयन / विद्युतीकरण आदि कार्य।	24.60	18450.00	750.00	PWD Building/ Electrical SOR 10.06.2026, & Road SOR 15.06.2026 & PHED SOR 01.06.2020	"A"	D & Above	12 माह
2	201186	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 05 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, एल.ई.डी साईन बोर्ड, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी स्थापना/ मुक्तिधाम का उन्नयन / विद्युतीकरण आदि कार्य।	14.40	10800.00	750.00	PWD Road 10.06.2026, & Building S.O.R 15.06.2026 PHED 2022-23 & Electrical SOR 01.06.2020	"A"	D & Above	12 माह
3	201188	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 06 से 10 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक/ सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, एल.ई.डी साईन बोर्ड, विस्तार, पाईप लाईन पानी टंकी स्थापना/ मुक्तिधाम का उन्नयन / विद्युतीकरण आदि कार्य।	14.40	10800.00	750.00	PWD Road 10.06.2026, & Building S.O.R 15.06.2026 PHED 2022-23 & Electrical SOR 01.06.2020	"A"	D & Above	12 माह
4	201189	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 11 से 15 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक/ सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, एल.ई.डी साईन बोर्ड, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी स्थापना/ मुक्तिधाम का उन्नयन / विद्युतीकरण आदि कार्य।	14.40	10800.00	750.00	PWD Road 10.06.2026, Building S.O.R 15.06.2026 PHED 2022-23 & Electrical SOR 01.06.2020	"A"	D & Above	12 माह
5	201191	एल्डरमेन निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक / सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, एल.ई.डी साईन बोर्ड, बोर खनन, खनन, पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी स्थापना/मुक्तिधाम का उन्नयन / विद्युतीकरण आदि कार्य।	12.30	9300.00	750.00	PWD Road 10.06.2026, Building S.O.R 15.06.2026 PHED 2022-23 & Electrical SOR 01.06.2020	"A"	D & Above	12 माह

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अभनपुर

Scanned with OKEN Scanner